राम विलास पासवान ने राज्यों के सचिवों और विधिक मापविज्ञान नियंत्रकों की केंद्र सरकार के साथ राष्ट्रीय परामर्शी बैठक का उद्घाटन किया

राष्ट्रीय खबर

राम विलास पासवान, केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खादय एंव सार्वजनिक वितरण मंत्री ने कहा है कि उद्योग एवं व्यापार के सतत विकास के लिए सही पैमाइश एक शक्तिशाली साधन है और यह देश की सामाजिक प्रगति में भी योगदान देता है।

- गलत या अशुद्ध पैमाइश से अविश्वास पैदा होता है और यह अकसर सुरक्षा बाधा का स्रोत है। अत: मात्रात्मक आश्वासन की संस्कृति का संवर्धन- उपभोक्ता संरक्षण तथा आंतरिक व्यापार का प्राथमिक मुद्दा है।
- राम विलास पासवान ने यह बात आज नई दिल्ली में आयोजित राज्यों के सचिवों और विधिक मापविज्ञान नियंत्रकों की केंद्र सरकार के साथ राष्ट्रीय परामर्शी बैठक के उद्घाटन के असवर पर कही। इस बैठक का आयोजन केंद्रीय उपभोक्ता मामले के विभाग द्वारा किया गया था।
- पासवान ने इस अवसर पर कहा कि एक विधायी ढांचा होना चाहिए, हालांकि उसकी प्रभावकारिता उसके यथोचित कार्यान्वयन पर निर्भर करती है।
- आज भी आम उपभोक्ता अपने दैनिक जीवन में प्रयोग में आने वाले बी.पी. मीटर्स और भार तोलक मशीन जैसे कुछेक महत्वपूर्ण उपकरणों में मौजूद अशुद्धियों से पीड़ित है। कभी-कभी पेट्रोल पम्पों और कृषि मंडियों में प्रयोग किए जाने वाले धर्मकांटों की सत्यता पर भी संदेह किया जाता है।
- कुछेक विनिर्माता आज भी पैकबंद वस्तु नियमों के उपबंधों की अवहेलना करते हैं। राज्यों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए श्री पासवान ने उपभोक्ता मामले विभाग और राज्यों को सुझाव दिया कि वे प्रणाली में उपभोक्ताओं के विश्वास को बेहतर बनाने के प्रयासों को बढ़ाने के लिए और अनुचित व्यौहारों में लिप्त या बाजार में अवमानक उत्पादों को भेजने वाले विनिर्माताओं के दिमाग में डर पैदा करने के लिए एकजुट होकर कार्य करें।
- पासवान ने विधिक मापविज्ञान को मजबूत बनाने के लिए पिछले दो वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा अग्रसक्रिय रूप से उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों का भी उल्लेख किया। हाल ही में की गई कुछ पहलें, अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक प्रभार लेने, दोहरे अधिकतम खुदरा मूल्य की घोषणा करने के विरुद्ध कार्रवाई करने पर केन्द्रित हैं और हम पैकबंद वस्तुएं नियम में भी कुछ बदलाव करने के बारे में विचार कर रहे हैं।

राष्ट्रीय खबर

उत्तराखंड के नए मुख्यमंत्री बने त्रिवेंद्र सिंह रावत, 9 मंत्रियों ने भी ली शपथ

देहरादून के परेड ग्राउंड में त्रिवेंद्र सिंह रावत ने उत्तराखंड राज्य के नौवें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।राज्यपाल कृष्णकांत पॉल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

- त्रिवेंद्र सिंह रावत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता के रूप जाने जाते हैं। उनके साथ नौ अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली।
- उत्तराखंड राज्य के मुख्यमंत्री पद के शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के साथ-साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के अन्य मंत्रियों व नेताओं भी शामिल होने की संभावना है।
- कैबिनेट मंत्री के रूप में सतपाल महाराज, मंडन कौशिक, यशपाल आर्य, हरक सिंह रावत, प्रकाश पंत, अरविंद पांडे और सुबोध उनियाल तथा राज्य मंत्री के रूप में धन सिंह रावत व रेखा एरिया ने शपथ ग्रहण की।
- उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2017 में भाजपा ने कांग्रेस को मात देते हुए राज्य विधानसभा की 70 में से 57 सीटों पर अपना कब्जा जमाया।

अंतर्राष्ट्रीय खबर

न्यू जीलैंड संसद ने एक नदी को 'जिंदा' माना, दिए कानूनी अधिकार

न्यू जीलैंड में एक नदी को कानूनी तौर पर जीवित मान लिया गया है। इस नदी को एक जिंदा व्यक्ति होने का कानूनी दर्जा दिया गया है और इसके मुताबिक अधिकार भी दिए गए हैं।

- न्यू जीलैंड के उत्तरी द्वीप पर स्थित वानन्नुई नदी माओरी जनजाति के लोगों के लिए काफी अहमियत रखती है। इस नदी के साथ माओरी जनजाति के लोगों की आध्यात्मिक आस्थाएं जुड़ी हैं। यह पहला मौका है जब दुनिया में किसी नदी को जीवित व्यक्ति का दर्जा मिला है।
- न्यू जीलैंड की संसद ने एक बिल पास कर वानन्नुई नदी को एक जीवित व्यक्ति का दर्जा दिया है। नदी अब अपने प्रतिनिधियों के द्वारा अपना पक्ष भी रख सकती है। एक

प्रतिनिधि को माओरी जनजाति के लोग और दूसरे प्रतिनिधि को यहां की राजशाही चुनेगी।

- माओरी जनजाति के लोग पहाड़ों और समुद्र की तरह इस नदी को भी जिंदा मानते हैं।
- 1870 के दशक से ही माओरी जनजाति के लोग वानन्नुई नदी के साथ अपने अनूठे संबंधों को पहचान और स्वीकृति दिए जाने की कोशिश कर रहे हैं।
- इन कोशिशों को अब जाकर यह अनोखा पड़ाव हासिल हुआ है कि संसद ने इसे एक जीवित व्यक्ति के समान मानते हुए कानूनी अधिकार दिए हैं। वानन्नुई नदी न्यू जीलैंड की तीसरी सबसे लंबी नदी है।

बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा भारतीय खेल प्राधिकरण की सदस्य नियुक्त

भारत की सबसे सफल डबल्स में ज्वाला गुट्टा को भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) की सदस्य नियुक्त किया गया है. 14-बार की राष्ट्रीय चैंपियन ज्वाला ने कहा कि वह देश में खेल के विकास में उनकी भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हैं.

- ज्वाला गुट्टा ने कहा कि मैं एसएआई सदस्य नियुक्त होने पर वास्तव में काफी खुश हूं. मुझे दो दिन पहले एक कॉल आया जब उन्होंने मुझे इसके बारे में बताया. मैं हमेशा खेल के विकास के लिए कुछ करना चाहती थी.
- ज्वाला को एक पत्र में साई सचिव एस.एस. छाबड़ा ने कहा साई के शासी निकाय के सदस्य के रूप में आपको चुना गया है. आपको सूचित करने में मुझे खुशी है. मुझे यकीन है कि आप शासी निकाय की अध्यक्षता के समय के दौरान शासी निकाय की बैठकों में भाग लेने के लिए अपना बहुमूल्य समय बिताने में सक्षम रहेंगीं.
- साल 2011 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली दो बार की ओलंपियन ज्वाला ने कहा मेरी पहली बैठक 28 मार्च को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होनी है और मैं वास्तव में इसके लिए उत्सुक हूं. मुझे अभी तक मेरी जिम्मेदारियों के बारे में नहीं पता है लेकिन मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगी.
- वैसे ज्वाला गुट्टा 2010 में महिला राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन और महिलाओं के डबल में 2014 ग्लासगो खेलों में एक रजत पदक विजेता भी हैं.

नियुक्ति

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड लुब्रियाजोल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की 24 फीसदी इक्विटी को लुब्रियाजोल कॉरपोरेशन, अमेरिका को बेचने की मंजूरी प्रदान की

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने नई दिल्ली में 15 मार्च 2017 को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (इंडियनऑयल) ने मेसर्स लुब्रियाजोल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एलआईपीएल) की 24 फीसदी इक्विटी को लुब्रियाजोल कॉरपोरेशन, अमेरिका (एलसी) को बेचने की मंजूरी प्रदान की. सीसीईए की बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की.

- इस बिक्री से लुब्रियाजोल कॉरपोरेशन के साथ इंडियनऑयल का दीर्घकालिक संपर्क स्थापित होगा.
- इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (इंडियन ऑयल) भारत का सबसे बड़ा व्यावसायिक उद्यम है. वर्ष 2015-16 हेतु इसका बिक्री टर्नओवर 3,99,601 करोड़ रु. (61 बिलियन अमेरिकी डॉलर) और लाभ 10,399 करोड़ रु. (1,589 मिलियन अमेरिकी डॉलर) था.
- भारत की प्रमुख राष्ट्रीय तेल कंपनी होने के कारण वर्तमान में 33,000 सशक्त कार्यबल के साथ इंडियन ऑयल भारत की ऊर्जा मांगों को आधी सदी से भी अधिक समय से पूरा करता आ रहा है.
- इसके व्यावसायिक हितों में पूरा हाइड्रोकार्बन वैल्यू– चेन जिसमें– रिफाइनिंग, पाइपलाइन परिवहन, पेट्रोलियम उत्पादों का विपणन, कच्चे तेल एवं गैस की खोज और उत्पादन एवं प्राकृतिक गैस एवं पेट्रोकेमिकल्स का विपणन शामिल है.

राष्ट्रीय खबर

मर्सर ने वार्षिक क्वालिटी ऑफ लिविंग सर्वे के नतीजे जारी कर दिए

अंतर्राष्ट्रीय खबर

मर्सर ने 14 मार्च 2017 को 19वां वार्षिक क्वालिटी ऑफ लिविंग सर्वे के नतीजे जारी कर दिए. मर्सर द्वारा क्वालिटी ऑफ लिविंग के लिए किए गए सर्वे में वियना लगातार आठवें वर्ष पहले स्थान पर बना हुआ है जबकि लिविंग स्टैंडर्ड्स के मामले में हैदराबाद को सर्वश्रेष्ठ भारतीय शहर चुना गया.

- मर्सर द्वारा किए गए क्वालिटी ऑफ लिविंग सर्वे में शीर्ष 10 यूरोपीय शहरों में – ज्यूरिख (2), म्यूनिख (4), डसेलडोर्फ (6), फ्रैंकफर्ट (7), जिनेवा (8), कोपेनहेगन (8), और बासेल हैं. सूची में शामिल होने वाला बासेल शहर को नया स्थान प्रदान किया गया है, यह 10वें पायदान पर है.
- शीर्ष दस में शामिल होने वाले गैर– यूरोपीय देश हैं ऑक्लैंड (न्यूजीलैंड) और वैंकुवर (कनाडा). ये क्रमशः तीसरे और पांचवें पायदान पर हैं.
- सर्वे में शहर के बुनियादी ढांचे की रैंकिंग भी शामिल की गयी है, जिसमें शहर में बिजली की आपूर्ति, पेयजल, टेलीफोन और मेल सेवाओं का आकलन किया गया है.
- शहर के बुनियादी ढांचे की रैंकिंग (सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर रैंकिंग में सबसे ऊपर सिंगापुर है, इसके बाद फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख हैं. इस श्रेणी में बगदाद (230) और पोर्ट औ प्रिंस (231) सबसे नीचले पायदान पर हैं.
- इंफ्रास्ट्रक्चर रैंकिंग के मामले में, मुंबई 141वें स्थान पर, इसके बाद कोलकाता (149) और पुणे (151) आते हैं.

अर्जेंटीना में पहला फ्लोरेसेंट मेंढक मिला

खोंज

वैज्ञानिकों के एक समूह ने अर्जेंटीना में सैंटा फे के पास दुनिया का पहला फ्लोरेसेंट मेंढक खोज निकाला है. सामान्य रौशनी में मेंढक हरा, पीला और लाल रंग का दिखता है लेकिन अंधेरे में यह तेज नीला और हरा रंग उत्सर्जित करता है.

- वैज्ञानिकों ने पाया कि दक्षिण अमेरिकी पोल्का डॉट वाले ट्री फ्रॉग फ्लोरेसेंट अणुओं का प्रयोग वैसे ही करते हैं जैसे अन्य पशु।

- यह खोज 13 मार्च 2017 को प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेस में प्रकाशित की गई थी.
- शोधकर्ताओं ने जब पोल्का डॉट ट्री फ्रॉग्स पर अल्ट्रावायलेट फ्लैशलाइट डाली तो वे यह देखकर आश्चर्यचकित हो गए कि इन मेंढकों ने फीके लाल की बजाए तीव्र हरापन लिए नीला चमक प्रदान किया.
- शोधकर्ता बिलिवर्डिन नाम के पिग्मेंट के कारण इन मेंढकों से लाल प्रतिदीप्ति प्राप्त करने की उम्मीद कर रहे हैं.
- पशुओं के लसीका ऊतक, त्वचा और ग्रंथियों के स्राव में तीन अणु– हीलोइन– एल1, हीलोइन– एल2, और हीलोइन– जी1, पाए गए जो हरे रंग की प्रतिदीप्ति के कारक हैं।
- अणुओं में गोलाकार संरचना और हाइड्रोकार्बन की श्रृंखला होती है. ऐसे ही अणु पौधों में पाए जाते हैं.

केंद्र सरकार ने एलएनजी का प्रयोग वाहन ईंधन के रूप में करने को मंजूरी प्रदान कर दी

राष्ट्रीय खबर

केंद्र सरकार ने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का प्रयोग वाहन ईंधन के रूप में करने को मंजूरी प्रदान कर दी है. केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जल्द ही देश भर में पेट्रोल पंपों की तरह नए एलएनजी गैस पंप स्थापित किए जाने की घोषणा की.

- इस बारे में पेट्रोनेट एलएनजी के साथ समझौता किया गया है. केंद्र सरकार की इस स्वीकृति के बाद पेट्रोलियम मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालय इसके मानक परिभाषित करेंगे.
- परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अनुसार एलएनजी सस्ता व भविष्य का ईंधन है और केंद्र सरकार इसके प्रयोग को बढ़ावा दे रही है.
- देश की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस वितरक गेल इंडिया लिमिटेड ने अमेरिकी कंपनी डब्ल्यूजीएल से 25 लाख टन गैस खरीद का अनुबंध किया. यह अनुबंध 20 साल तक गैस खरीद हेतु किया गया।
- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अमेरिका के ऊर्जा मंत्री रिक पेरी से अमेरिका से एलएनजी के आयात तथा ऊर्जा क्षेत्र में भारतीय निवेश की संभावना पर चर्चा की.